(d) what are the benefits of such trips and by whom they are organised?

The Minister of Defence (Shri Krishna Menon): (a). 8 members of the Indian Air Force went to the Satluj, Chini and Baspa valleys during June, 1962.

(b). The trek was successful.

(c). The trek was not subsidized by Government.

(d). Such treks are organised by the Indian Air Force Trekking and Mountaineering Association. These trips foster a spirit of adventure and other character qualities in the members.

चन्द्रधारी संग्रहालय

२३९. **श्री योगेन्द्र झा** : क्या **वैज्ञानिक अनुसंधान और सांस्कृतिक कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को यह ज्ञात है कि संस्कृति के प्राचीन केन्द्र मिथिला के दरभंगा शहर में एक चन्द्रधारी म्यूजियम है ;

(ख) भारत सरकार ने अब तक उपरोक्त म्यूजियम को क्या सहायता दी है ; और

(ग) इस म्यूजियम को भविष्य में सहायता देने के बारे में सरकार का क्या निर्णय है ?

वैज्ञानिक अनुसंधान और सांस्कृतिक कार्य मंत्री (श्री हुमायून कबिर) (क) जी हां।

(ख) और (ग) बिहार सरकार को दूसरे आयोजन काल में चन्द्रधारी म्युजियम, दरभंगा के विकास के लिये ५२,००० रुपये का अनुदान दिया गया था। तीसरे आयोजन की अवधि में इसके विकास के लिये राज्य सरकार को ५०,००० रुपये और दिये गये हैं।

गांजे का तस्कार-व्यापार

२४०. **श्री योगेन्द्र झा** : क्या **वित्त** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिहार, बंगाल तथा उत्तर प्रदेश में अवैध नेपाली गांजा लाने को रोकने तथा लाये हुए गांजे को पकड़ने के ऊपर भारत सरकार का कितना सालाना खर्च होता है ;

(ख) पिछले पांच वर्षों में कितने मूल्य का अवैध नेपाली गांजा अपने देश में पकड़ा गया जिसमें बिहार राज्य का क्या हिस्सा है ;

(ग) इस समस्या पर नेपाल सरकार के साथ भारत सरकार ने कभी विचार-विमर्श किया है ; और

(घ) यदि हां, तो नेपाल सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) (क) चोरी-छिपे गांजा लाने की रोकथाम का विषय राज्य सरकारों का है, इसलिए नेपाल से बिहार, बंगाल और उत्तर प्रदेश में गांजे का चोरी-छिपे लाया जाना रोकने के लिये भारत सरकार के पास अलग कर्मचारी नहीं इसलिये भारत सरकार इस सम्बन्ध में कुछ भी खर्च नहीं करती।

(ख) पिछले पांच वर्षो में चोरी-छिपे लाया ग । जितना अवैध नेपाली गांजा पकड़ा उसका कीमत लगभग १.९९ करोड़ रुपया था। इसमें से बिहार में जो गांजा पकड़ा उसकी कीमत लगभग १.३६ करोड़ रुपया बैठती है।

(ग) जी, हां।

(घ) नेपाल सरकार ने नाजायज तौर पर गांजे क खेती करने और अवैध रूप से भारत से गांजे भेजने की रोक-थाम के लिए नया कानून बनाया है।

Milk-Powder from Unicef

241. **Shri B. K. Das:**
Shri Subodh Hansda:
Shri S. C. Samanta:
Shri M. L. Dwivedi:

Will the Minister of **Education** be pleased to state: